प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 24.04.2026
समय : 01:00 पी.एम.

देश के प्रधान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत आज शाम जयपुर पंहुचेंगे। वे कल न्याय सेतु सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से इसका आयोजन कॉस्टि्टूयूशन क्लब में किया जा रहा है। इसमें उच्चतम न्यायालय के जज, राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर और जयपुर बैंच के न्यायाधीश तथा कई वरिष्ठ विधिक अधिकारी और पूर्व न्यायाधीश शामिल होंगे। कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीशों की समाज में कानूनी समझ को मजबूत करने की भूमिका पर विशेष जोर दिया जायेगा। इस कॉफ्रेंस का उद्देश्य आम जनता में कानूनी जागरूकता बढाना और न्याय तक आसान पंहुच सुनिश्चित करना है।

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों, विशेषकर पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री राधाकृष्णन ने कहा कि पंचायती राज जमीनी स्तर के लोकतंत्र और सहभागी शासन की भावना का प्रतीक है, स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाता है और समावेशी विकास को मजबूत करता है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि पंचायत व्यवस्था भारत की सबसे पुरानी लोकतांत्रिक परंपराओं में से एक है और लोकतंत्र का एक मजबूत स्तंभ है।

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन का कल जयपुर आने का कार्यक्रम है। वे राजस्थान विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने बताया कि समारोह में वर्ष 2024–25 के 2 लाख 71 हजार से अधिक विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जायेगी। वहीं राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय– आरयूएचएस का 11वां दीक्षांत समारोह आज जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे मेडिकल, डेन्टल और पैरामेडिकल विद्यार्थियों को डिग्रिया वितरित कर रहे है। बिरला सभागार में हो रहे इस कार्यक्रम में चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी मौजूद है।

जयपुर में आज आरएसी की पांचवी बटालियन का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डीजीपी डिस्क और सेवा पदक देकर सम्मानित किया।

चित्तौडगढ का स्थापना दिवस आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर किले पर दीपदान और सांस्कृतिक आयोजन रखे गए है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से त्याग, तपस्या और अटूट स्वाभिमान की पावन धरा चित्तौड़गढ़ के स्थापना दिवस चितौड़ी–आठम की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

हवाई हमलो की आपातकालीन स्थिति को लेकर विभिन्न जिलों में मॉकड्रिल की जा रही है। इसके माध्यम से प्रशासन, पुलिस, नागरिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के बीच समन्वय परखा जा रहा है। पाली, ब्यावर, बाडमेर, कोटपूतली–बहरोड़ में हो रहे इस ड्रिल में आपातकालीन प्रबंधन और ब्लैक आउट में जनजागरूकता सुनिश्चित की जा रही है।

चूरू में बीती रात एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना सार्दुलपुर पिलानी रोड पर थिरपाली गांव के पास डंपर और कार के बीच टक्कर से हुई। हमीरवास थानाधिकारी रायसिंह ने बताया कि घटना के बाद कार में लगी आग से पांच लोग गम्भीर रूप से झुलस गए। इसमें से तीन ने दम तोड दिया।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग के निर्देशन में 14 वर्षीय किशोरियों को मुफ्त वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी कडी में आज हनुमानगढ में विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। उधर जैसलमेर में भी किशोरियों को सुरक्षा कवच देने के लिए विशेष टीकाकरण सत्र रखा गया है। जिला कलेक्टर अनुपमा जोरवाल ने अभिभावको से अपील की हैं कि वे पात्र किशोरियों को टीका अवश्य लगवायें।

आईपीएल क्रिकेट में कल रात चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 103 रनों से हरा दिया। जीत के लिए 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस 19 ओवरों में मात्र 104 रनों पर ही सिमट गई। संजू सैमसन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला गुजरात टाइटन्स से होगा। ये मैच शाम साढ़े सात बजे से बैंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जायेगा। वहीं कल जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और सनराईजर्स हैदराबाद की टीमे आमने सामने होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 133वां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।